लीड्स टाउनशिप और 1000 द्वीप

www.leeds1000islands.ca

इस टाउनशिप के दोनों ओर फ्रंटेनेक एक्सिस (Frontenac Axis) है जो कैनेडियन शील्ड और न्यूयॉर्क के एडिरोन्डैक पर्वत को जोड़नेवाली एक भूगर्भीय संरचना है। यह प्राकृतिक विशिष्टता इस क्षेत्र को अनुपम सौंदर्य प्रदान करती है और स्थानीय पर्यटन उद्योग का यह केन्द्र है। फ्रंटेनेक आर्क बॉयोस्फेयर का एक भाग यूनेस्को साईट है जो इसकी सीमाओं के तहत स्थित है। चट्टानी भौगोलिक स्थिति के बावजूद यहाँ गाय-बैल, भेड़ और नकद फसलें बहुतायत से हैं। इस उद्यमशील टाउनशिप के किसान पशुओं के चारा, घास-फूस और फ्रीज में रखा हुआ गाय का भ्रूण विदेशी बाजारों को बेचते हैं। लोग यहाँ गर्व से कहते हैं कि कृषि में 'लीड्स लीड्स' यानी कृषि में लीड्स अग्रणी है। यहाँ रॉकफोर्ट और सीलीज बे समुदाय भी है जो संपन्न और ऊर्जा से भरपूर है। रॉकफोर्ट बोट लाईन का केन्द्र रॉकफोर्ट वही जगह है जहां 2009 में इस टाउनशिप ने 1000 द्वीप चाईना (1000 Islands China) के साथ मैत्री समझौते पर हस्ताक्षर किए थे।

यह समुदाय निवासियों के लिए इस छोटे से स्थान में जीवन की उत्कृष्ट गुणवत्ता उपलब्ध कराता है, जहाँ लोग जीवन यापन, काम और छुट्टियों का आनंद एक की जगह पर उठा सकते हैं। लीड्स (Leeds) टाउनशिप और थाउसैंड द्वीप (Thousand Islands) में नदी की किनारे फैले हुए हैं और यहाँ अनेक अंतर्देशीय झीलें हैं जो आनंददायक वातावरण निर्मित करते हैं। इस टाउनशिप में बस्ती 1,078,641 हेक्टेयर का क्षेत्र शामिल हैं और ट्रांस कनाडा रेल और राजमार्ग द्वारा यह जुड़ा हुआ है। थाउंसैंड द्वीप अंतर्राष्ट्रीय पुल इस टाउनशिप के अंदर है और न्यूयॉर्क राज्य से इसे जोड़ता है। इस टाउनशिप का अधिकांश भाग प्रसिद्ध 1000 थाउसैंड द्वीप (1000 Thousand Islands) में स्थित है और यहाँ लगभग 950 द्वीप हैं। इस टाउनशिप की आबादी 9277 है।

कुल जनसंख्या 9,804 (Statistics Canada Census 2021)
जनवरी माह के मध्य तापमान -8 ^{0}C (18 ^{0}F)
जुलाई माह के मध्य तापमान 21 ^{0}C (70 ^{0}F)
औसत वार्षिक वर्षा 857 mm rain, 198 cm snow
प्रति व्यक्ति आय $91,000
औसत घरेलू आय $108,300
औसत बेरोजगारी दर 11 %
दसवीं कक्षा तक पढ़े वयस्क 1,495
कॉलेज या विश्वविद्यालय डिप्लोमा तक पढ़े वयस्क 3,095
औसत 2 बेडरूम के मासिक अपार्टमेंट किराये की लागत $2,110
औसत 3 बेडरूम अलग बंगला: $486,000



अधिक जानकारी
Stephen Donachey, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी
लीड्स टाउनशिप और 1000 द्वीप
1233 Prince St. P.O. Box 280, Lansdowne, ON., KOE 1L0 Canada
613-659-2415 / cao@townshipleeds.on.ca